# आकाशवाणी, गोरखपुर

## दिनांक–03 फरवरी 2026 सान्ध्य समाचार

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि अब मेड इन इंडिया उत्पादों पर अमरीका का टेरिफ घटकर 18 प्रतिशत हो जाएगा। उन्होंने अमरीका के राष्ट्रपति डानॅल्ड ट्रंप के साथ बातचीत के बाद सोशल मीडिया पोस्ट में यह घोषणा की। एक रिपोर्ट–

***प्रधानमंत्री ने कहा कि उनका अपने मित्र राष्ट्रपति ट्रंप से बात करना बेहद सुखद रहा। उन्होंने कहा कि जब विश्व की दो बडी अर्थव्यवस्थाएं और दो बडे लोकतंत्र मिलकर काम करते हैं तो इससे जनता को लाभ होता है और आपसी लाभकारी सहयोग के अपार अवसर उत्पन्न होते हैं। प्रधानमंत्री ने मेड इन इंडिया उत्पादों पर अमरीका का टेरिफ कम होने की घोषणा के लिए भारत की एक अरब चालीस करोड़ जनता की तरफ से राष्ट्रपति ट्रंप के प्रति आभार व्यक्त किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप का नेतृत्व वैश्विक शांति, स्थिरता और समृद्धि के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि भारत ट्रंप के शांति प्रयासों का पूरा समर्थन करता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि वे द्विपक्षीय भागीदारी को अभूतपूर्व ऊंचाई पर ले जाने के लिए राष्ट्रपति ट्रंप के साथ काम करने के लिए उत्सुक है। समाचार कक्ष से प्रेम चन्द्र गुप्ता।***

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ में आयोजित फार्मा कॉन्क्लेव का शुभारम्भ किया। कार्यक्रम में केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा वर्चुअल माध्यम से शामिल हुए। वैश्विक निवेशकों एवं उद्यमियों के इस महा संगम को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री श्री योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश ट्रस्ट, ट्रांसफार्मेशन और टाइमली डिलेवरी के रोल मॉडल के रूप में आज निवेश का एक बेहतरीन गंतव्य बनकर उभरा है। उन्होंने कहा कि हम लोग लखनऊ में एक बेहतरीन वर्ल्ड क्लास फार्मा इंस्टीच्यूट के निर्माण की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं।

***उत्तर प्रदेश अपने हर एक निवेशक को ट्रिपल–एस की गारंटी देती है, जिसमें सेफ्टी है, स्टेबिलिटी है और स्पीड है, इसकी पूरी गारंटी उत्तर प्रदेश आपको यहां पर उपलब्ध करवाता है।***

कार्यक्रम को वर्चुअल माध्यम से सम्बोधित करते हुए केन्द्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों से भारत की स्वास्थ्य व्यवस्था का विस्तार अभूतपूर्व रहा है।

*मेक इन इंडिया, आत्मनिर्भर भारत, डिजिटल इंडिया और विकसित भारत @2047 जैसे अभियानों ने मैन्युफैक्चरिंग नवाचार और मानव विकास को नई दिशा दी है। जी20 की अध्यक्षता और वैक्सिन कुटनीति में भारत की भूमिका ने हमारी वैश्विक जिम्मेदारी और क्षमता को स्पष्ट रूप से दर्शाया है और दुनिया ने पहचाना है। इस परिवर्तन के सबसे स्पष्ट झलक स्वास्थ और फार्मास्युटिकल क्षेत्र में देखने को मिलती है।*

इस अवसर पर औषधीय, चिकित्सा उपकरण एवं सम्बद्ध क्षेत्रों से जुड़े हुए विभिन्न एमओयू का आदान–प्रदान भी हुआ।

**********

प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने केन्द्रीय बजट–दो हजार छब्बीस–सत्ताईस को विकसित भारत का रोडमैप बताया है। प्रयागराज में आज केन्द्रीय बजट को लेकर आयोजित प्रेस वार्ता में श्री मौर्य ने कहा कि यह बजट गांव, गरीब, महिला सशक्तिकरण, पर्यटन को प्रोत्साहन और किसानों की आय में बढ़ोत्तरी को केन्द्र में रखकर तैयार किया गया है। उन्होंने बजट को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि इसमें देश की नारी शक्ति का सशक्त प्रतिबिंब स्पष्ट रूप से दिखायी देता है।

**********

केन्द्र सरकार ने बायो– मैन्युफेक्चरिंग सेक्टर को मजबूत करने के लिए बजट में बायो–फार्मा शक्ति योजना का प्रस्ताव रखा है। इसके लिए पांच वर्ष में दस हजार करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है। इस पहल का उद्देश्य जैविक और जैव–समान दवाओं के उत्पादन के लिए भारत के इकोसिस्टम को मजबूत करना है। एक रिपोर्ट–

***सरकार ने तीन नए राष्ट्रीय औसत शिक्षा और अनुसंधान संस्थानों की स्थापना और सात मौजूदा संस्थान के उन्नयन के माध्यम से जैव औषधीय क्षेत्र पर केंद्रित नेटवर्क के विस्तार का प्रस्ताव रखा है। इसका उद्देश्य जैव औषधि अनुसंधान विकास विनिर्माण और विनियमन में उच्च विशिष्ट मानव संसाधनों की बढ़ती आवश्यकता को पूरा करना है। इसके अलावा देशभर में एक हजार से अधिक मान्यता प्राप्त नैदानिक परिक्षण स्थलों के विकास के प्रस्ताव के साथ एक व्यापक नैदानिक अनुसंधान पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण शामिल है। सरकार ने केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन– सीडीए की क्षमता बढ़ाने सहित जैविक दावाओं के लिए नियामक ढांचे को मजबूत करने की भी घोषणा की है। बजट में किए गए प्रयासों से भारत को वैश्विक जैव फार्मा बाजार में प्रतिस्पर्धा करने के लिए अधिक मजबूत आधार मिलेगा साथ ही घरेलू स्तर पर उन्नत और किफायती जैविक चिकित्साओं तक पहुंच में सुधार होगा। भानु प्रताप सिंह के साथ अमन यादव, आकाशवाणी समाचार दिल्ली।***

**********

सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि तकनीकी कंपनियां डेटा साझाकरण के नाम पर नागरिकों के निजता के अधिकार से खिलवाड़ नहीं कर सकतीं। भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग–सीसीआई के आदेश के खिलाफ मेटा और व्हाट्सएप की अपीलों की सुनवाई करते हुए आज सर्वोच्च न्यायालय ने उन पर कड़ी फटकार लगाई।

**********

गोरखपुर सहित प्रदेश के कई जिलों में आज दोपहर बाद कहीं कहीं आसमान में बादल छा गए और हल्की बूंदाबांदी तथा बारिश का सिलसिला शुरू हो गया। इससे लोगों ने दिन में फिर से ठंड का एहसास किया। मौसम विभाग ने पूर्वी उत्तर प्रदेश में आज कुछ स्थानों पर बारिश और गरज चमक के साथ बौछारें पड़ने की संभावना जताई है।

**********